प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.07.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा के जिंद रेलवे स्टेशन पर हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली रेलगाड़ी को रवाना करेंगे। यह रेलगाड़ी जिंद और सोनीपत के बीच चलेगी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित है, जो ट्रेन को चलाने के लिए हाइड्रोजन को बिजली में बदलती है। इस प्रक्रिया में केवल जल वाष्प उप–उत्पाद के रूप में उत्पन्न होती है, जिससे संचालन के दौरान कार्बन उत्सर्जन शून्य होता है। भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई यह रेलगाड़ी स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई है, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। प्रधानमंत्री जालंधर भी जाएंगे, जहां वे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जालंधर कैंट सहित 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इनमें राजस्थान के भी कुछ स्टेशन शामिल हैं।

0000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल शासन सचिवालय में गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने और संगठित अपराध के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, वरिष्ठ अधिकारियों के नियमित फील्ड दौरे और अपराधों की निगरानी बढ़ाने पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने जिलेवार होने वाले अपराधों में होने वाली बढोतरी और कमी की रिपोर्ट 15 दिनों में प्रस्तुत करने को कहा।

0000

राज्य में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत पिछले नौ महीनों में सात हजार से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य सरकार की ओर से जारी जानकारी के अनुसार अक्टूबर 2025 में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स–एएनटीएफ के गठन के बाद नशे के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। इस दौरान करीब 692 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और 30 अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रदेश में नशीले पदार्थों की अवैध खेती के विरुद्ध 17 विशेष अभियान भी चलाए गए। सरकार का कहना है कि एआई, मजबूत सूचना तंत्र और विशेष टीमों की मदद से नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई की जा रही है। नशे की लत से जूझ रहे लोगों की सहायता और तस्करी से जुड़ी गोपनीय सूचना के लिए मानस हेल्पलाइन–1933 भी संचालित की जा रही है।

0000

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर बाघ परियोजना क्षेत्र में इन दिनों बाघों और अन्य वन्यजीवों की गणना की जा रही है। यह कार्य फोटो ट्रैप कैमरा पद्धति से किया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार गणना के लिए बाघ परियोजना क्षेत्र में 300 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां 600 ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से बाघों और अन्य वन्यजीवों की गतिविधियों का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। गणना का उद्देश्य बाघों की संख्या का आकलन करने के साथ–साथ उनके आवास और वन्यजीव संरक्षण की स्थिति का मूल्यांकन करना भी है।

0000

जयपुर में कल रोजगार सहायता शिविर लगाया जाएगा। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की ओर से लगाये जाने वाले इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों की करीब 55 निजी कंपनियां भाग लेंगी और तीन हजार से अधिक रिक्त पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन करेंगी। शिविर में निर्माण, होटल, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा, ई–कॉमर्स, रिटेल और अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

यह शिविर सुबह दस बजे चित्रकूट स्थित श्री प्रताप स्टेडियम मे आयोजित किया जायेगा। शिविर में दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, नर्सिंग और अन्य योग्यताओं वाले अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों के साथ शिविर में भाग ले सकेंगे।

0000

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं–कहीं गरज के साथ हलकी से मध्यम बरसात दर्ज की गई। सबसे अधिक 33 मिलीमीटर बारिश श्रीगंगानगर में दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 40 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस के साथ श्रीगंगानगर ही प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में 39 डिग्री और बीकानेर में 38 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने कल जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के 13 जिलों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

0000